# बिहार विधान परिषद

## 212 बजट सत्र

## 16 फरवरी, 2026

## अल्पसूचित प्रश्न

----

[ग्रामीण विकास - पंचायती राज - ग्रामीण कार्य - भवन निर्माण - पथ निर्माण - डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन - कृषि ].

### अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या - 21

----

### पशुओं के लिए ऑपरेशन थिएटर

*131 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):

क्या मंत्री, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में 24 घंटे इमरजेंसी सेवा की उपलब्धता का प्रावधान नहीं है और न ही गंभीर रुप से बीमार पशुओं के लिए ऑपरेशन थिएटर के साथ-साथ सघन चिकित्सीय जांच की सुविधा

उपलब्ध है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पशुपालकों के हित में उक्त सुविधाएं प्रदान करना चाहती है, यदि हां तो  कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का निर्माण

***132 डा. अजय कुमार सिंह (सहरसा स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सुपौल जिले का मरौना प्रखंड विकास की दृष्टि से काफी पिछड़ा क्षेत्र है;

(ख) क्या यह सही है कि मरौना प्रखंड के तीन महत्वपूर्ण सड़क यथा निर्मली भलुआही मुख्य सड़क के सिमराहा ग्राम से छोड़ी टोला होते हुए मधुबनी जिला सीमा तक सड़क निर्माण, कमरेल पंचायत के सिरखरिया चौक से म० वि० होते हुए अचमैता टोला तक सड़क निर्माण एवं घोलरिया से परिकोच, घट्टापट्टी, बसखोड़ा होते हुए हरनाही तक सड़क निर्माण जनहित में आवश्यक है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मरौना प्रखंड के तीनों अतिमहत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण

***133 श्री कुमार नागेन्द्र (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गयाजी जिले के मोहड़ा प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण नहीं किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रखंड कार्यालय

भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## लंबित आवासों का निर्माण

***134 श्री सौरभ कुमार (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण विकास** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत राज्य में 12.20 लाख आवासों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक लगभग 2.85 लाख आवासों का निर्माण कार्य हुआ है तथा नौ लाख से अधिक आवासों का निर्माण लंबित है;

(ख) क्या यह सही है कि केंद्र सरकार द्वारा विगत लगभग पाँच महीनों से राशि का भुगतान नहीं किए जाने के कारण आवास निर्माण की गति अत्यंत धीमी है;

(ग) क्या यह सही है कि केंद्र सरकार द्वारा राशि भुगतान की प्रक्रिया में परिवर्तन करते हुए पूर्व व्यवस्था के स्थान पर नई व्यवस्था लागू की गई है, जिसके अंतर्गत राशि का भुगतान सीधे आर.बी.आई. के माध्यम से किया जाना है, उक्त नई व्यवस्था के पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पाने के कारण भुगतान बाधित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लंबित आवासों का शीघ्र निर्माण तथा लाभुकों को समय पर राशि भुगतान सुनिश्चित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार से समन्वय स्थापित कर उक्त समस्या का समाधान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कृषि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस चालू करना

***135 श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि भारत-इज़राइल संयुक्त इंडो-इज़राइल एग्रीकल्चरल प्रोजेक्ट के तहत 2019 में वैशाली जिलान्तर्गत देसरी तथा नालंदा जिलान्तर्गत चंडी में सेंटर

ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि देसरी में जो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया गया है, उसके हाईटेक नर्सरी में फलों के पौधे एवं चंडी में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में सब्जियों के हाईटेक पौधे तैयार कर किसानों को उपलब्ध कराना है;

(ग) क्या यह सही है कि दोनों सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विभागीय लापरवाही के अभाव में फेल हो गए और किसानों को उनका लाभ नहीं मिल पाया, फलस्वरूप किसान भारी खर्च कर फलों के पौधे कोलकाता, पुणे एवं अन्य स्थानों से मंगवाते हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि उक्त वर्णित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के फेल होने के क्या कारण हैं तथा उसे कबतक चालू करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## नाला का निर्माण

***136 श्री अशोक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, नवादा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के ग्राम नीमडीह को जोड़ने वाली सड़क पर गांव के विभिन्न घरों से निकलने वाला नाली का पानी बीच सड़क पर ही बहा दिए जाने के कारण सड़क जर्जर हो गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि सड़क पर गंदा पानी का बहाव होने से कीचड़ का जमाव हो गया है, जिसके कारण अक्सर ही वहां पर वाहन दुर्घटना घटित होने का सिलसिला जारी रहता है और लोगों को पैदल चलना मुश्किल हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में उक्त जर्जर पथ के साथ नाला का निर्माण भी कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## एक्सप्रेसवे का निर्माण

***137 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा सात निश्चय–3 के अंतर्गत बिहार में पाँच स्टेट एक्सप्रेसवे के निर्माण का निर्णय लिया गया है तथा इन्हें 2030 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि एक्सप्रेसवे निर्माण हेतु निजी सहभागिता (PPP मॉडल) अथवा किसी स्वतंत्र/एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के गठन पर विचार किया जा रहा है, ताकि वित्तीय संस्थानों से ऋण लेकर टोल वसूली के माध्यम से लागत की भरपाई की जा सके ;

(ग) क्या यह सही है प्रस्तावित एक्सप्रेसवे—पटना–पूर्णिया, गोरखपुर–सिलीगुड़ी, रक्सौल–हल्दिया, बक्सर–भागलपुर एवं वाराणसी–कोलकाता के संबंध में अब तक क्या प्रगति हुई है तथा इनके मार्ग निर्धारण एवं स्वीकृति की स्थिति क्या है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि एक्सप्रेसवे के निर्माण से क्षेत्रीय संपर्कता, औद्योगिक विकास एवं निवेश प्रोत्साहन हेतु किन विभागों के साथ समन्वय किया जा रहा है और इसकी समय-सीमा क्या तय की गई है ?

----

## सड़क का निर्माण

***138 श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत अनीसाबाद बाईपास रोड से लेकर चितकोहरा पुल एवं एम्स पटना तक एलिवेटेड रोड प्रस्तावित है ;

(ब) क्या यह सही है कि उक्त एलिवेटेड सड़क की आज तक निविदा नहीं निकाली गई है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त उल्लेखित एलिवेटेड सड़क की निविदा निकालकर अतिशीघ्र सड़क निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का चौड़ीकरण

***139 श्रीमती शशि यादव (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी-बिक्रमगंज मेन रोड से इटीमहा-नोनार पथ में इटीमहा गांव में रोड काफी संकीर्ण है, जिससे आम लोगों को प्रतिदिन घंटों जाम का सामना करना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है कि संकीर्ण रोड होने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे मरीजों को अस्पताल पहुंचने से पहले ही अनहोनी का सामना करना पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आमजनों के हित में सड़क का चौड़ीकरण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल-पुलिया एवं सड़क का निर्माण

***140 श्रीमती रेखा कुमारी (सीतामढी स्थानीय प्राधिकार ):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत प्रखंड रुन्नीसैदपुर की ग्राम पंचायत राज बघारी में छोटू शाह के घर से चकवा दलित टोला तक पुल-पुलिया एवं सड़क का निर्माण नहीं होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाइयों

का सामना करना पड़ता है तथा बरसात के दिनों में संपर्क लगभग बाधित हो जाता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मार्ग पर पुल-पुलिया एवं सड़क निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की मरम्मति

*141 **श्री सच्चिदानंद राय (स्थानीय प्राधिकार, सारण):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पटना-छपरा राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) से सदर प्रखंड अंतर्गत चिरांद के अयोध्या मंदिर तक जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क के खराब होने के कारण स्थानीय ग्रामीणों, किसानों, विद्यार्थियों एवं मरीजों को आवागमन में भारी कठिनाई होती है तथा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मति/पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का चौड़ीकरण

*142 **श्री लाल मोहन गुप्ता (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मुंगेर जिला के जमालपुर शहर में दिन भर जाम लगा रहता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार NH - 80 लाल खां चौक से इंदरूख होते हुए भलार-दशरथपुर जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण कर

जमालपुर स्टेशन तथा बाज़ार से जोड़कर जाम से निजात दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सम्पर्क पथ का निर्माण

***143 श्री अफाक अहमद खां (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि गयाजी जिलान्तर्गत नीमचक बथानी प्रखंड के रेहुआ आमा कुआं रोड निर्माण कार्य चौसंडी तक हो रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि रेहुआ आमा कुआ रोड चौसंडी मुख्य पथ से एक कि0मी0 की दूरी पर है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को मुख्य पथ से जोड़ना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## गौशाला का संचालन

***144 डा. उर्मिला ठाकुर (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि सब का साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, कानून की समावेशी वर्तमान सरकार में राज्य के 534 प्रखंडों के प्रत्येक प्रखंड क्षेत्र में ही दूध उत्पादन में सहूलियत एवं पशु के गोबर से कृषि फसलों के लिए खाद तैयार करने में सहूलियत तथा पशुओं के लिए कृषि-फसलों के खरपतवार का पशु आहार में उपयोग में सहूलियत हेतु पशुपालन गौशाला निर्माण कर संचालित करने की अति आवश्यकता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के 534 प्रखंडों के प्रत्येक प्रखंड क्षेत्र में ही समुचित स्थान पर गौशाला निर्माण कर गौशाला

संचालित करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक ?

----

**वित्तीय अनियमितता की जाँच**

***145 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य पंचायत अधिनियम के अनुसार पंचायत से जिला परिषद् तक की योजनाएँ पंचायत के विकास में सरकारी राशि का उपयोग किया जाना है ;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला परिषद् के करोड़ों की राशि गाँव के विकास में व्यय नहीं कर शहर के विकास में व्यय कर वित्तीय अनियमितता की गई है, जो उक्त अधिनियम के प्रावधान का घोर उल्लंघन है ;

(ग) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला परिषद् की बैठकों में बिना फैसला किये ही स्वीकृत राशि की बंदरबाट की गई है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय जिला परिषद् के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं अन्य सरकारी कर्मियों के द्वारा की गई वित्तीय अनियमितता की जाँच कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

**संयुक्त कृषि भवन की मरम्मती एवं पुनर्निर्माण**

***146 श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या मंत्री, **कृषि** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत संयुक्त कृषि भवन, महीनापुर, रामपट्टी की स्थिति अत्यंत जर्जर एवं उपयोग के लिए अनुपयुक्त हो चुकी है, जिसमें खिड़कियाँ, टाइल्स, छत तथा शौचालय की स्थिति जर्जर है ;

(ख) क्या यह सही है कि जिला कृषि पदाधिकारी, मधुबनी द्वारा पत्रांक- 2615,

दिनांक 04.11.2023 के माध्यम से भवन निर्माण विभाग, मधुबनी को उक्त भवन की मरम्मती एवं रंग-रोगन हेतु सूचित किया गया है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाने कि कृपा करेगी कि अब तक भवन निर्माण विभाग द्वारा खंड (ख) में वर्णित पत्र पर क्या कार्रवाई की गई है तथा उक्त संयुक्त कृषि भवन की समुचित मरम्मती एवं आवश्यकतानुसार पुनर्निर्माण हेतु स्वीकृति प्रदान करना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क की चौड़ीकरण

***147 श्रीमती अनामिका सिंह (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला के करपी एवं वंशी प्रखंड को जोड़ने के लिए शेरपुर गांव में पुनपुन नदी पर पुल 2009 में ही बना है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पुल का सम्पर्क पथ आज तक नहीं बना है, जिससे यातायात में काफी कठिनाई होती है एवं दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का सम्पर्क पथ बनाने के साथ-साथ दोनों प्रखंडों को जोड़ने वाली सड़क की चौड़ीकरण करना चाहती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मति

***148 श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पथ निर्माण** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 727 छपवा (बिहार) से कुशीनगर (उत्तर

प्रदेश) को जोड़ने वाला मार्ग है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग उत्तर प्रदेश से बिहार को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग होने के बावजूद वर्तमान में लौरिया से बगहा तक क्षतिग्रस्त एवं जर्जर स्थिति में है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मती कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण

***149 श्री मो. सोहैब (विधान सभा):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत महनार प्रखंड के ग्राम पंचायत सरमस्तपुर में मुखिया का पद पिछले 25 वर्षों से सामान्य श्रेणी के लिए आरक्षित है ;

(ख) क्या यह सही है कि पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत पंचायत चुनाव 10 वर्षो में आरक्षण रोस्टर बदल कर कराने का प्रावधान है ;

(ग) क्या यह सही है कि पंचायत चुनाव 2026 नए परिसीमन तथा नए आरक्षण रोस्टर के अनुसार कराने की योजना है ;

(घ) क्या यह सही है कि उक्त ग्राम पंचायत में पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्गों की आबादी बड़ी संख्या में निवास करती है ;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पंचायत चुनाव 2026 में उक्त वर्णित ग्राम पंचायत में मुखिया का पद अति पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित करना चाहती है, ताकि वर्षों से शोषित समुदाय को उनकी जनसंख्या के अनुपात में उनके साथ न्याय किया जा सके ?

----

## पुल का निर्माण

***150 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या मंत्री, **ग्रामीण कार्य** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिले के बेनीपट्टी प्रखंड के चानपुरा गाँव के पश्चिमी टोल, धनुषी बांध के पास, साहपुर से बगवशा नदी पर सड़क एवं पुल नहीं होने के कारण आम जन को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है कि यह बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है, यहाँ प्रत्येक वर्ष बाढ़ के दिनों में लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों एवं स्वास्थ्य संबंधित आपात कार्यों के लिए भी काफी परेशानियां झेलनी पड़ती हैं साथ ही बाढ़ के दिनों में नदी पार करने के दौरान आये दिन दुर्घटनायें घटित होती रहती हैं ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाने की कृपा करेगी कि बेनीपट्टी प्रखंड के चानपुरा, साहपुर गाँव में विभिन्न जगहों पर सड़क एवं उच्च स्तरीय आर०सी०सी० पुल निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## राशि उपलब्ध कबतक

***151 श्री कार्तिक कुमार (स्थानीय प्राधिकार, पटना):**

क्या मंत्री, **पंचायती राज** विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, पालीगंज (पटना) द्वारा पत्रांक 1692, दिनांक 13.09.2025 के माध्यम से जिला पंचायत राज पदाधिकारी, पटना को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना अंतर्गत गली-नली पक्कीकरण योजना में अतिरिक्त राशि की आवश्यकता से संबंधित प्रस्ताव प्रेषित किया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि पालीगंज प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुर कुरकुरी में माननीय मुखिया द्वारा उक्त योजना के अंतर्गत अतिरिक्त राशि की माँग की गई है, क्योंकि स्वीकृत राशि में कार्य पूर्ण किया जाना संभव नहीं है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित को देखते हुए गली-नली पक्कीकरण योजना में अतिरिक्त राशि उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

पटना – 800015.

16 फ़रवरी, 2026.

अखिलेश कुमार झा,
सचिव
बिहार विधान परिषद्